आयकर और जीएसटी में मिलनी चाहिए राहत

गुरुग्राम | **वरिष्ठ संवाददाता**

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर नौकरीपेशा से लेकर उद्योगपति-व्यापारियों की नजर है। नौकरीपेशा लोग आयकर में छूट की उम्मीद बांधे बैठे हैं। जबकि व्यापारी वर्ग जीएसटी में राहत को लेकर उम्मीद लगाए बैठा है। दूसरी तरफ चिकित्सा जगत उपकरणों में छूट की उम्मीद कर रहा है। जबकि शिक्षा जगत से जुड़े लोग ढांचे में सुधार की उम्मीद कर रहे हैं। शिक्षाविदों का मानना है कि उच्च शिक्षा का ढांचा कमजोर होने के कारण बेटियां होशियार होते ही भी पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रही हैं। ऐसे में सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सीटें बढ़ाने के साथ मूलभूत ढांचे में सुधार को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं करेगी।

अंतरिम बजट 2019 में रियल एस्टेट सेक्टर को वृद्धि की उम्मीद है। बजट में मुख्य मांग वर्तमान अफोर्डेबल हाउसिंग यूनिट्स पर लागू होने वाले आयकर छूट में वृद्धि है। निर्माणधीन परियोजनाओं पर जीएसटी कम हो। **-आशीष सरीन**, सीईओ (अल्फाकॉर्प)